12. एशिया—प्राकृतिक बनावट

तुमने अपने प्रदेश के नर्मदा के मैदान, सतपुड़ा पर्वत और भोपाल विदिशा के पठार के बारे में पढ़ा। तुम शायद जानते हो कि भारत में हिमालय जैसा ऊंचा पर्वत, गंगा सिंधु नदियों का विशाल मैदान और दकन का पठार है। तुमने एशिया के कई हिस्सों के बारे में भी पढ़ा। क्या तुमने सोचा कि एशिया के और भागों की बनावट कैसी है? अपनी कक्षा में एशिया का प्राकृतिक मानचित्र टांग लो और पुस्तक के मानचित्र की सहायता से पहले थोड़ी देर अध्ययन करो। तुम देखोगे कि हिमालय के उत्तर में कई पर्वत श्रेणियां हैं।

एशिया की प्रमुख पर्वतमालाओं के नाम मानचित्र से देख कर लिखो।

एशिया के पठार

मानचित्र में देखकर दकन के पठार और ईरान के पठार में अन्तर जानो। अरब का पठार तथा यूनान का पठार भी मानचित्र में ढूंढो। एशिया के मध्य में भी कई पठार हैं। उन्हें ढूंढ कर उनके नाम लिखो और यह भी बताओं कि कौन से पठार पर्वतों से घिरे हैं और किन के किनारे पर भोपाल-विदिशा पठार जैसा कगार है।

पामीर का पठार तो इतना ऊंचा है कि उसे दुनिया की छत कहते हैं। मानचित्र में देखो वहां से कौन सी पर्वत श्रेणियां अलग-अलग दिशाओं में फैली हैं।

एशिया के मैदान व नदियां

गंगा सिन्धु के मैदान के समान एशिया में कई लम्बे चौड़े मैदान भी हैं, उनमें लम्बी चौड़ी नदियां भी बह रही हैं।

पुस्तक में एशिया की नदियों का मानचित्र भी दिया गया है। पहले मैदानों को पहचानो फिर उनमें बहने वाली नदियों को भी बताओ।

नदियों के मानचित्र को ध्यान से देखो तो तुम पाओगे कि नदियां एशिया के भीतरी भागों से निकल कर चारों ओर के सागरों में गिर रही हैं।

क्या तुम अन्दाज़ लगा सकते हो कि ऐसा क्यों है?

एशिया के भीतरी भाग ऊंचे हैं या सागरों के निकट है?

एशिया के प्राकृतिक प्रदेश



संकेत

सागर

पर्वत

पठार

मैदान

कगार

नीचे की सूची में भरो कि किस सागर में कौन सी नदी गिरती है?

महासागर	इनमें ये नदियां गिरती हैं
प्रशान्त महासागर	
हिन्द महासागर	
अरब सागर	
आर्कटिक महासागर	
फारस की खाड़ी	

अभ्यास के लिए प्रश्न

1. खाली स्थान भरो।

(क) हिमालय पर्वतमाला के दक्षिण में .... मैदान हैं और उत्तर में .... पठार हैं।

(ख) साइबेरिया के मैदान के पश्चिम में .... पर्वत हैं और पूर्व में .... पर्वत हैं।

(ग) तुर्किस्तान का मैदान हिन्दुकुश पर्वत की .... दिशा में व कैस्पियन सागर की .... दिशा में है।

2. सही गलत बताओ–

(क) मंगोलिया के पठार पर कगार से चढ़कर पहुंचा जाता है।

(ख) यूनान का पठार मीकांग नदी के मैदान के उत्तर व पश्चिम में है।

(ग) उत्तरी चीन के मैदान में ओब तथा आमू नदियां बहती हैं।

(घ) थ्यानशान पर्वतमाला साइबेरिया के मैदान के दक्षिण में है।

(ङ) सीक्यांग नदी और इरावती नदी एक ही महासागर में गिरती हैं।

(च) लीना नदी और यान्सी नदी एक ही महासागर मे गिरती हैं।

एशिया की नदियां

आर्कटिक महासागर
लीना
काला सागर
कैस्पियन सागर
अरल सागर
सर
आमू
दजला
फरात
ह्वांग हो
यांगत्सी
स्यांग
सी क्यांग
सिंधु
गंगा
ब्रह्मपुत्र
इरावती
सालविन
मीकांग
प्रशांत महासागर
हिन्द महासागर